12 2 JUN 2024
FOUNDATION EXAM
PAPER - 2
BUSINESS LAWS
22/06/2024
05:07PM



Roll No. ....................................................

Total No. of Printed Pages : 16

Total No. of Questions : 6

Maximum Marks : 100

Time allowed : 3 Hours

## (ENGLISH VERSION)

### INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

Question **No. 1** is compulsory.

Answer any **four** questions from the remaining **five** questions.

Working notes should form part of the answers.

Marks

1. (a) R owns an electronics store. P visited the store to buy a water purifier priced at ₹ 54,000/-. He specifically requested R for a purifier with a copper filter. As P wanted to buy the purifier on credit, with the intention of paying in 9 equal monthly instalments, R demands a guarantor for the transaction. S (a friend of P) came forward and gave the guarantee for payment of water purifier. R sold P, a water purifier of a specific brand. P made payment for 4 monthly instalments and after that became insolvent. Explain with reference to the Indian Contract Act 1872, the liability of S as a guarantor to pay the balance price of water purifier to R.

What will be your answer, if R sold the water purifier misrepresenting it as having a copper filter, while it actually has a normal filter? Neither P nor S was aware of this fact and upon discovering the truth, P refused to pay the price. In response to P's refusal, R filed the suit against S, the guarantor. Explain with reference to the Indian Contract Act 1872, whether S is liable to pay the balance price of water purifier to R? (7 Marks)



SEAL

(b) A company, ABC limited as on 31.03.2023 had a paid-up capital of ₹ 1 lakh (10,000 equity shares of ₹10 each). In June 2023, ABC limited had issued additional 10,000 equity shares of ₹10 each which was fully subscribed. Out of 10,000 shares, 5,000 of these shares were issued to XYZ private limited company. XYZ is a holding company of PQR private limited by having control over the composition of its board of directors.

Now, PQR private limited claims the status of being a subsidiary of ABC limited as being a subsidiary of its subsidiary i.e. XYZ private limited. Examine the validity of the claim of PQR private limited.

State the relationship if any, between ABC limited & XYZ private limited as per the provisions of The Companies Act, 2013. (7 Marks)

(c) The Indian Partnership Act does not make the registration of firms compulsory, yet the consequences or disabilities of non-registration have a persuasive pressure for their registration. Still, there are some cases where non-registration of firm does not affect certain rights. – Explain with reference to the provisions of the Indian Partnership Act, 1932. (6 Marks)

2. (a) Sony, a friend of Priya wanted to buy her two-wheeler. Priya agreed to sell her two-wheeler to Sony and it was decided that price of her two-wheeler will be fixed by Priya's father, who is an auto dealer. Priya immediately handed over the keys to Sony. However, Priya's father refused to fix the price as he did not want Priya to sell her vehicle. Priya expressed her inability to sell the two-wheeler to Sony and asked for return, but Sony refused to return the same. Explain –

(i) Can Priya take-back the vehicle from Sony?

(ii) Will your answer be different, if Priya had not handed over the vehicle to Sony? (7 Marks)

(b) Ram wants to incorporate a company in which he will be the only member. According to provisions of The Companies Act, 2013, what type of company can be incorporated? What are the salient features of this type of company? (7 Marks)

(c) A LLP is a new form of legal business entity with limited liability. It's an alternative corporate business vehicle that only gives the benefits of limited liability at low compliance cost but allows its partners the flexibility of organizing their internal structure as a traditional partnership. Keeping in view of above, define the following characteristics of LLP.

(i) Body Corporate

(ii) Mutual Agency

(iii) Foreign LLPs

(iv) Artificial legal person (6 Marks)

3. (a) (i) P, Q, and R formed a partnership agreement to operate motor buses along specific routes for a duration of 12 years. After operating the business for four years, it was observed that the business incurred losses each year. Despite this, P is determined to continue the business for the remaining Period. Examine with reference to the Indian Partnership Act, 1932, Can P insist to continue the business? If so, what options are available to Q and R who are reluctant to continue operating the business? (4 Marks)

(ii) A and B operate a textile merchant business in partnership. Mr. A finances the business and is a sleeping partner. In the regular course of business, B acquires certain fabric goods belonging to C. However, B is aware that these goods are stolen property. Despite this knowledge, B proceeds to purchase and sell some of these stolen goods. Moreover, B records proceeds from these sales in the firm's books. Now, A wants to avoid the liability towards C, on the grounds of misconduct by B. In the light of the provisions of the Indian Partnership Act, 1932 discuss the liability of A and B towards C. (3 Marks)

(b) (i) XYZ is a company incorporated under The Companies Act, 2013 .

The paid up share capital of the company is held by others as on 31.03.2024 is as under :

| | | |
|---|---|---|
| (1) | Government of India | 20% |
| (2) | Life Insurance Corporation of India (Public Institution) | 8% |
| (3) | Government of Tamil Nadu | 10% |
| (4) | Government of Rajasthan | 10% |
| (5) | ABC Limited (owned by Government Company) | 15% |

As per above shareholding, state whether XYZ limited be called a government company under the provisions of The Companies Act, 2013.

(4 Marks)

(ii) M and N holding 70% and 30% of the shares in the company. Both died in an accident. Answer with reference to the provisions of the Companies Act, 2013, what will be the legal effect on the company as both the members have died?

(3 Marks)

(c) Explain in brief with reference to the provisions of The Indian Contract Act, 1872, what are the rights enjoyed by Surety against the Creditor, the Principal Debtor and Co-Sureties? (6 Marks)

4. (a) (i) Mr. J entered into an agreement with Mr. S to purchase his house for ₹20 lakh, within three months. He also paid ₹50,000/- as token money. In the meanwhile, in an anti-encroachment drive of the local administration, Mr. S's house was demolished. When Mr. J was informed about the incident he asked for the refund of token money.

Referring to the relevant provisions of the Indian Contract Act, 1872 state whether Mr. J is entitled to the refund of the amount paid. (4 Marks)

(ii) Rama directs Shyam to sell laptops for him and agrees to give Shyam eleven percent (11%) commission on the sale price fixed by Rama for each laptop. As Government of India put restrictions on import of Laptops, Rama thought that the prices of laptops might go up in near future and he revokes Shyam's authority for any further sale. Shyam, before receiving the letter at his end, sold 5 laptops at the price fixed by Rama. Shyam asked for 11% commission on the sale of 5 Laptops for ₹1 lakh each. Explain under the provisions of The Indian Contract Act, 1872 :

(1) Whether sale of laptops after revoking Shyam's authority is binding on Rama?

(2) Whether Shyam will be able to recover his commission from Rama, if yes, what will be the amount of such commission? (3 Marks)

(b) A promissory note, payable at a certain period after sight, must be presented to the maker thereof for payment. Under which scenarios presentment for payment is not necessary and the instrument is dishonoured at the due date for presentment according to the provisions of The Negotiable Instrument Act, 1881? (7 Marks)

(c) Describe in brief about the following Regulatory bodies of the Government of India: -

(i) Securities Exchange Board of India

(ii) Reserve Bank of India

(iii) Insolvency & Bankruptcy Board of India (6 Marks)

5. (a) PTC Hotels in Bombay decided to sell their furniture by auction sale. For this purpose, they appointed RN & Associates as auctioneer. They invited top ten renowned Architects in Bombay for bidding. A right to bid was not notified by them. Furniture was put up in lots for sale. It was decided that for every lot of furniture

there will be a reserve price. On 25th Feb 2024, Auction sale was started at 10.a.m in the lawn of PTC Hotels Bombay. For a special lot of furniture three parties came for bidding Mr. Neel, Mr. Raj and Mr. Dev on behalf of their respective companies. Bidding was as follows:

| | |
|---|---|
| Mr. Neel | ₹5.70 lakh |
| Mr. Raj | ₹4.85 lakh |
| Mr. Dev | ₹6.10 lakh |

The sale was completed in favour of Mr. Neel by RN & Associates by fall of hammer. Mr. Dev's Bid was rejected on ground that Right to bid was reserved and company of Mr. Dev was not invited to bid.

For another bid of Italian Furniture was made by two parties as follows:

| | |
|---|---|
| Mr. Dheer | ₹15 lakh |
| Mr. Madhu (on behalf of R N & Associates) | ₹ 15.20 lakh |

Sale was completed in favour of Mr. Dheer instead of Mr. Madhu.

Mr Dev and Mr. Madhu argued that auction sale was not lawful. Give your opinion with reference to provisions of the sale of Goods Act, 1930 whether Auction Sale will be considered lawful or not? (7 Marks)

(b) "Dissolution of partnership doesn't mean dissolution of firm". Do you agree with this statement? State any three situations where court can dissolve the partnership firm. (7 Marks)

(c) "Where a party to a contract refuses altogether to perform, or is disabled from performing his part of it, the other party has a right to rescind it". Discuss this statement and the effects of such refusal under the provisions of The Indian Contract Act, 1872. (6 Marks)

6. (a) Mr. Y issued a cheque for ₹ 10,000 to Mr. Z which was dishonoured by the Bank because Y did not have enough funds in his account and has no authority to overdraw. Examine as per the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 whether-

(i) Mr. Y is liable for dishonour of cheque, if yes, what are the consequences for such an offence?

(ii) What would be your answer if Y issued a cheque as a donation to Mr. Z?

(7 Marks)

(b) Explain the term Wagering agreement in the light of the Indian Contract Act, 1872. Also, explain some transactions resembling with wagering transaction but which are not void.

**OR**

What is the meaning of contingent contract? Write briefly its essentials. Also, explain any three rules relating to enforcement of a contingent contract.

(6 Marks)

(c) J, a wholesaler of premium Basmati rice delivered on approval 100 bags of rice of 10 kg each to a local retailer, on sale or returnable basis within a month of delivery. The next day the retailer sold 5 bags of rice to a regular customer K. A week later K informed the retailer that the quality of rice was not as per the price.

The retailer now wants to return all the rice bags to J, including the 4 bags not used by K. Can the retailer do so?

Also briefly describe the provisions underlying in this context of the Sale of Goods Act, 1930. (7 Marks)

**XSH-H**

**(HINDI VERSION)**

**उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं। वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा।**

**प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।**

**शेष पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होनी चाहिए।**

अंक

1. (a) 'आर' का स्वयं का एक इलेक्ट्रॉनिक स्टोर हैं। 'पी' जल शुद्धी यंत्र जिसका मूल्य ₹54,000/- है को क्रय करते हेतु उसे स्टोर में देखने गया। उसने 'आर' से विशेष निवेदन किया कि जल शुद्धीयन्त्र तांबे के फिल्टर वाला होना चाहिए। 'पी' जल शुद्धियन्त्र को नौ बराबर मासिक किस्तो में भुगतान करने के इरादे से उधार पर क्रय करना चाहता है, 'आर' द्वारा इस सौदा हेतु प्रत्याभूति (गारंटी) की मांग की गई। 'एस' (जो 'पी' का दोस्त है) इस हेतु आगे आया और उसने जलशुद्धीयंत्र के भुगतान की प्रत्याभूति (गारंटी) दी। 'आर' ने एक विशिष्ट ब्रांड का जलशुद्धीयंत्र 'पी' को विक्रय किया। 'पी' द्वारा इसका चार मासिक किस्तों में भुगतान करने के बाद वह दिवालिया हो गया। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के संदर्भ में जमानती के रूप में जलशुद्धियंत्र के शेष रहे भुगतान हेतु 'एस' का 'आर' के प्रति दायित्व को स्पष्ट कीजिए।

आपका उत्तर क्या होगा, यदि 'आर' द्वारा जलशुद्धीयंत्र का मिथ्यावर्णन करते हुए विक्रय किया कि इसमें तांबे के फिल्टर हैं, जब कि इसमें वास्तव में सामान्य फिल्टर ही हैं, 'पी' और 'एस' को इस तथ्य की जानकारी नहीं थी और सत्य का पता लगाने पर 'पी' ने मूल्य का भुगतान करने से मना कर दिया। 'पी' के अस्वीकार करने के प्रतिउत्तर में 'आर' द्वारा 'एस' जो जमानती है, के विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872, के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए क्या 'एस' जलशुद्धीयंत्र के शेष रहे भुगतान के लिए 'आर' के प्रति उत्तरदायी है?

(7 अंक)

(b) एबीसी लिमिटेड की 31.03.2023 को ₹1 लाख की चुकता पूँजी है (10,000 सामान्य अंश ₹10 प्रति अंश)। जून 2023 में एबीसी लिमिटेड द्वारा अतिरिक्त 10,000 सामान्य अंश प्रति अंश ₹10 से निर्गमित किए गए जो कि पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गए। इन 10,000 अंशों में से 5,000 अंश एक्सवाईजेड प्राईवेट लिमिटेड को निर्गमित किए गए थे। एक्सवाईजेड का पीक्यूआर प्राईवेट लिमिटेड के संचालक मण्डल के गठन पर नियंत्रण होने के कारण यह उसकी सूत्रधारी कम्पनी है।

अब पीक्यूआर लिमिटेड द्वारा एबीसी लिमिटेड की सहायक कम्पनी की वैधानिक स्थिति में होने का दावा किया गया क्योंकि उसके अनुसार वह उसकी सहायक कम्पनी एक्सवाईजेड प्राईवेट लिमिटेड की सहायक कम्पनी है। पीक्यूआर प्राईवेट लिमिटेड के दावे की वैधता का परीक्षण कीजिए।

भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार एबीसी लिमिटेड और एक्सवाईजेड के मध्य यदि कोई सम्बन्ध है तो इसे भी स्पष्ट कीजिए।

(7 अंक)

(c) 'भारतीय भागीदारी अधिनियम फर्म के पंजीकरण को अनिवार्य नहीं बताता है। फिर भी गैरपंजीकरण के परिणाम या अक्षमताओं पर उनके पंजीकरण के लिए प्रेरक के ऊपर दबाव होता है। अभी भी कुछ ऐसे मुद्दे है जहाँ पर गैर पंजीकरण फर्म के कुछ निश्चित अधिकारों को प्रभावित नहीं करता'। भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों के संदर्भ में उपरोक्त कथन को स्पष्ट कीजिए।

(6 अंक)

2. (a) सोनी जो कि प्रिया की दोस्त है, उसके दो पहिया वाहन को खरीदना चाहती है। प्रिया अपने दो पहिया वाहन को सोनी को बेचने के लिए सहमत हो गई और यह निर्णय हुआ कि उसके दो पहिया वाहन का मूल्य प्रिया के पिताजी जो कि वाहन व्यापारी है के द्वारा तय किया जायेगा। प्रिया ने तुरन्त सोनी की चाबी की सुपुर्दगी देदी। फिर भी प्रिया के पिताजी ने मूल्य को तय करने से मनाकर दिया क्योंकि वह यह नहीं चाहते थे कि प्रिया अपने वाहन को बेचे। प्रिया द्वारा दो पहिया वाहन को सोनी को विक्रय करने में असमर्थत्ता व्यक्त की गई और उसने उसे दो पहिया वाहन को वापिस करने कहा लेकिन सोनी द्वारा वापिस करने से मनाकर दिया गया। स्पष्ट कीजिए।

(i) क्या प्रिया, सोनी से अपने दो पहिया वाहन को वापिस ले सकती है?

(ii) क्या आप का उत्तर भिन्न होगा, यदि प्रिया द्वारा दो पहिया वाहन की सुपुर्दगी सोनी को नहीं दी गयी होती?

(7 अंक)

(b) राम एक ऐसी कम्पनी का निगमन करना चाहता है जिसमें केवल वही सदस्य होगा। भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार किस प्रकार की कम्पनी का गठन किया जा सकता है? इस प्रकार की कम्पनी की क्या मुख्य विशेषताएँ होगी?

(7 अंक)

(c) एक एलएलपी सीमित दायित्व के साथ विधिक व्यवसाय कम्पनी का एक नया प्रारुप है। यह एक वैकल्पिक निगमित व्यवसायिक साधन है जो न केवल निम्न अनुपालन लागत पर सीमित देयता के लाभ व्यक्त करता है बल्कि इसके भागीदारों को परम्परागत भागीदारी के रूप में अपना आंतारिक ढाँचा संगठित करने का लचीलापन भी देता है। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए सीमित देयता भागीदारी की निम्न विशेषताओं को परिभाषित कीजिए।

(i) निगमित निकाय

(ii) पारस्परिक एजेंसी

(iii) विदेशी एलएलपी

(iv) कृत्रिम विधिक व्यक्ति

(6 अंक)

3. (a) (i) 'पी', 'क्यू' और 'आर' द्वारा एक निश्चित मार्ग पर 12 वर्ष तक बसों को संचालित करने हेतु एक साझेदारी का ठहराव बनाया गया। चार वर्ष तक व्यवसाय को संचालित करने के बाद यह देखा गया कि व्यवसाय प्रतिवर्ष घाटे में चल रहा है। इसके बावजूद भी 'पी' ने शेष अवधि के लिए निरन्तर व्यवसाय को जारी रखने का निश्चय किया। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के संदर्भ में परीक्षण कीजिए कि क्या 'पी' निरन्तर व्यवसाय को जारी रखने का दबाव डाल सकता है, यदि ऐसा होता है तो 'क्यू' और 'आर' को क्या विकल्प उपलब्ध होगें जो कि व्यवसाय को निरन्तर संचालित करने के इच्छुक नहीं है?

(4 अंक)

(ii) अ और ब साझेदारी में वस्त्र व्यापारी का व्यवसाय संचालित करते है अ द्वारा व्यवसाय का वित्त पोषण किया गया और वह सुप्त साझेदार है। अपने नियमित व्यवसाय के कार्यकाल में बी द्वारा निश्चित वस्तु का माल प्राप्त किया गया जो कि 'सी' से सम्बन्धित था। जब कि बी यह जानता था कि यह चोरी के स्वामित्व वाला माल है इसके बावजूद भी इस विक्रय मूल्य को बी द्वारा फर्म की पुस्तकों में इन्द्राज किया गया है। अब 'अ', 'सी' कि प्रति अपने दायित्व को बी द्वारा किए गए दुराचार के आधार पर टालना चाहता है। भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रावधानों ने संदर्भ में 'अ' और 'ब' का 'सी' के प्रति दायित्वों को समझाइए। (3 अंक)

(b) (i) एक्स वाई जेड कम्पनी का भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत गठन किया गया 31.03.2024 की कम्पनी की चुकता पूँजी अन्य के द्वारा निम्न रूप में धारित की गयी :

| | | |
|---|---|---|
| (1) | भारत सरकार | 20% |
| (2) | भारतीय जीवन बीमा निगम (सार्वजनिक संस्था) | 8% |
| (3) | तमिलनाडु सरकार | 10% |
| (4) | राजस्थान सरकार | 10% |
| (5) | एबीसी लिमिटेड (सरकारी कम्पनी के स्वामित्व में) | 15% |

उपरोक्त अंशधारितां को दृष्टिगत रखते हुए बताइए कि क्या एक्सवाईजेड को भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार सरकारी कम्पनी कहा जाएगा?

(4 अंक)

(ii) 'एम' और 'एन' कम्पनी में क्रमश: 70% और 30% अंश धारिता रखते हैं। दोनों की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत उत्तर दीजिए कि दोनों सदस्यों की मृत्यु की बाद कम्पनी के ऊपर क्या वैधानिक प्रभाव होंगे?

(3 अंक)

(c) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के प्रावधानों के संदर्भ में एक ज़मानती द्वारा लेनदार, मूल ऋणी और सह प्रतिभू के विरुद्ध किन अधिकारों का उपयोग किया जा सकता है?

(6 अंक)

4. (a) (i) मि. जे द्वारा 'एस' से तीन माह की अवधि के अन्तर्गत उसके घर को ₹20 लाख में क्रय करने हेतु एक ठहराव किया गया। इस हेतु उसके द्वारा ₹50,000/- की सांकेतिक मुद्रा (टोकन मनी) भी चुकायी गई। इसी मध्य स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान में 'एस' का घर ध्वस्त कर दिया गया। जब 'जे' को इस घटना की सूचना दी गई, उसने सांकेतिक मुद्रा को वापिस करने के लिए कहा।

भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के प्रावधानों के संदर्भ में बताइए कि क्या 'जे' ने जो राशि चुकाई है उसे वापिस प्राप्त करने का अधिकार है?

(4 अंक)

(ii) रामा ने श्याम को उसकी तरफ से लैपटॉप विक्रय करने के लिए निर्देशित किया और रामा द्वारा निर्धारित मूल्य पर प्रति लैपटॉप विक्रय करने पर 11% कमीशन श्याम को देन पर सहमति व्यक्त की गई। भारत सरकार द्वारा लैपटॉप के आयात के ऊपर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। रामा ने विचार किया कि निकट भविष्य में लैपटॉप की कीमते बढ़ेंगी और उसने अग्रिम विक्रय के लिए श्याम को दिए गए अधिकार का खण्डन कर दिया। श्याम द्वारा अपने अधिकार का अन्त होने का पत्र प्राप्त होने से पूर्व रामा द्वारा निर्धारित मूल्य पर 5 लैपटॉप का विक्रय कर दिया गया। श्याम द्वारा 5 लैपटॉप ₹ 1 लाख प्रति लैपटॉप विक्रय पर 11% कमीशन की राशि मांगी गई। भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत स्पष्ट कीजिए :

(1) श्याम की अधिकार सता का खण्डन करने के बाद लैपटॉप का किया गया विक्रय क्या रामा पर बाध्यकारी है?

(2) क्या श्याम रामा से कमीशन की राशि वसूल करने में समर्थ होगा, यदि हाँ तो इस कमीशन की राशि क्या होगी?

(3 अंक)

(b) एक वचनपत्र, जो देखने के बाद एक निश्चित अवधि में देय होता है, भुगतान की मांग करने के हकदार व्यक्ति द्वारा देखने के लिए उसके निर्माता को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। भारतीय विनिमय साध्य विलेख अधिनियम 1881 के अनुसार किस परिदृश्य के अन्तर्गत भुगतान के लिए कोई प्रस्तुति आवश्यक नहीं है और किन मामलों में प्रस्तुति के लिए नियत तारीख पर उपकरण का अनादर किया जाता है?

(7 अंक)

(c) भारत सरकार के निम्न नियामक संस्थाओं के बारे में संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(i) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड

(ii) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(iii) भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड

(6 अंक)

5. (a) पीटीसी होटल्स ने बॉम्बे में अपने फर्नीचर को नीलामी द्वारा विक्रय करने का निश्चय किया गया। इस उद्देश्य हेतु आरएन और एसोसियेट्स को उसने नीलामकर्ता के रूप में नियुक्त किया। उन्होंने दस चोटी के नामी वास्तुकारों को बोली लगाने के लिए बॉम्बे में आमंत्रित किया। बोली लगाने के अधिकार के अधीन होने के लिए अधिसूचित नहीं

किया गया है। फर्नीचर को लॉट्स में विक्रय करने के लिए रखा गया। यह निर्णित हुआ कि प्रत्येक लॉट के लिए एक आरक्षित मूल्य रहेगा। 25 फरवरी 2024 की पीटीसी होटल बॉम्बे के लॉन में 10.a.m पर नीलामी द्वारा विक्रय शुरु हुआ। फर्नीचर के एक विशेष लॉट के लिए तीन पक्षकार मि. नील, मि. राज और मि. देव अपनी कम्पनी के प्रतिनिधि की हैसियत से बोली लगाने के लिए आये। बोली निम्नानुसार थी –

| | |
|---|---|
| मि. नील | ₹5.70 लाख |
| मि. राज | ₹4.85 लाख |
| मि. देव | ₹6.10 लाख |

आरएन और एसोसियेट्स द्वारा हथौडा गिराकर मि. नील के पक्ष में विक्रय पूर्ण किया गया। बोली लगाने का अधिकार आरक्षित रखने के आधार पर मि. देव की बोली अस्वीकृत कर दी गई क्योंकि देव की कम्पनी को बोली लगाने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था

दूसरी बोली इटालियन फर्नीचर के लिए निम्न दो पक्षकारों द्वारा बोली लगाई गई –

| | |
|---|---|
| मि. धीर | ₹15 लाख |
| मि. मधु (आरएन और एसोसियेट्स) की तरफ से | ₹ 15.20 लाख |

मि. मधु के बजाय मि. धीर के पक्ष में विक्रय पूर्ण किया गया।

मि. देव और मधु द्वारा तर्क दिया गया कि नीलामी द्वारा विक्रय न्यायपूर्ण नहीं था। वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के संदर्भित प्रावधानों के अनुसार अपनी राय दीजिए कि क्या नीलामी द्वारा विक्रय न्यायपूर्ण था या नहीं?

(7 अंक)

(b) 'साझेदारी के विघटन का अर्थ फर्म का विघटन नहीं है' क्या आप इस कथन से सहमत है? ऐसी तीन स्थितियों का उल्लेख कीजिए जहाँ पर अदालत एक भागीदारी फर्म का विघटन कर सकती है। (7 अंक)

(c) 'जब अनुबन्ध वे एक पक्षकार द्वारा पूरी तरह से निष्पादन करने से मना कर दिया जाता है या उसके किसी भाग को निष्पादन करने में असमर्थ है, तब दूसरे पक्षकार को इसे विखण्डन करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है'। इस कथन की व्याख्या कीजिए और भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के प्रावधानों के अनुसार इस प्रकार के निष्पादन से इनकार करने के प्रभावों को समझाइए।

(6 अंक)

6. (a) मि. वाई द्वारा जेड को ₹10,000 का एक चैक निर्गमित किया गया जो कि वाई द्वारा अपर्याप्त राशि खाते में नहीं होने और अधिविकर्ष की अधिकार सीमा न होने के कारण अप्रतिष्ठित हो गया। भारतीय विनिमय साध्य विलेख अधिनियम 1881 के अन्तर्गत परीक्षण कीजिए कि :

(i) क्या वाई चैक के अप्रतिष्ठित होने के लिए उत्तरदायी है, यदि है तो इस तरह के अपराध के लिए क्या परिणाम होगे?

(ii) आप का उत्तर क्या होगा यदि वाई वाला इस चैक को जेड के लिए चन्दे के रूप में निर्गमित किया गया होता?

(7 अंक)

(b) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के संदर्भ में बाजी के ठहराव शब्दावली की व्याख्या कीजिए। इसके साथ ही कुछ ऐसे सौदों को स्पष्ट कीजिए जो बाजी के सौदों के समान प्रतीत होते है, लेकिन वो व्यर्थ नहीं है।

या

आकस्मिक संविदा से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्त में इसकी विशेषताओं को लिखिए। इसके साथ ही आकस्मिक संविदाओं के क्रियान्वयन से संबंधित तीन नियमों को स्पष्ट कीजिए।

(6 अंक)

(c) 'जे' एक प्रीमियम बासमती चावल के थोक व्यापारी द्वारा स्थानीय फुटकर व्यापारी को पसन्दगी के आधार पर 100 चावल के बैगस प्रति बैग 10 किलोग्राम के हिसाब से विक्रय या एक महीने में वापिसी के आधार पर बैगस की सुपुर्दगी दी। अगले दिन फुटकर व्यापारी द्वारा 5 चावल के बैग की नियमित ग्राहक 'के' को विक्रय किया गया। एक सप्ताह बाद 'के' द्वारा फुटकर व्यापारी को सूचित किया कि चावल की गुणवत्ता मूल्य के अनुसार नहीं थी।

फुटकर व्यापारी अब सभी चावल के बैगस 'जे' को लौटाना चाहता है, जिसमें चार बैगस 'के' द्वारा उपयोग में न लाए गए भी सम्मिलित है, क्या फुटकर व्यापारी ऐसा कर सकता है?

इसके साथ ही इस संदर्भ में वस्तु विक्रय अधिनियम 1930 के संक्षिप्त प्रावधानों का भी वर्णन कीजिए।

(7 अंक)

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SEAL